# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**तारांकित प्रश्न**

## 28 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोलना

***81 श्री लीला राम (कैथल):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कैथल शहर में महादेव कॉलोनी सिरता सड़क पर एक राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विद्यालय के निर्माण कार्य को कब तक स्वीकृत/आरम्भ किए

जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सा महाविद्यालय आरंभ करना

*82 **श्री घनश्याम सर्राफ ( भिवानी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी के चिकित्सा महाविद्यालय के कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है?

----

## विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति

*83 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में प्रत्येक विधायक की अनुशंसा पर रुपए 5 करोड़ तक की राशि के विकास कार्यों के निष्पादन के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कोड 25284 के अन्तर्गत घोषणा की गई थी;

(ख) यदि हां, तो जिला नूहं में संबंधित विधायकों द्वारा अनुशंसित विकास कार्यों की विधानसभा वार वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ग) उपरोक्त विकास कार्यों के निष्पादन में देरी के कारण क्या हैं ?

----

## सड़कों का निर्माण कार्य आरंभ करना

*84 **श्रीमती निर्मल रानी (गन्नौर):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि निम्न जगहों पर बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां स्थापित होने के कारण निम्नलिखित सड़कें क्षतिग्रस्त है:-

1. जी.टी. रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा;

2. रामनगर से घसौली;

3. रामनगर से धतूरी;

4. लड़सोली से धतूरी सड़क; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों का निर्माण कार्य कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक महाविद्यालय खोलना

***85 श्री संजय सिंह ( सोहना):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोहना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव घंघोला में सह-शिक्षा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है क्योंकि 20 किलोमीटर क्षेत्र में कोई महाविद्यालय नहीं है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## किसानों को मुआवजा देना

***86 श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कृषि विभाग या विकास कार्यों को निष्पादित करवाने वाला विभाग किसानों को मुआवजा देगा, यदि इनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के कारण किसानों की फसलें क्षतिग्रस्त/खराब हो गई है तथा यदि किसानों को समय पर मुआवजा नहीं दिया गया तो सरकार द्वारा विभाग पर क्या कार्रवाई किए जाने की संभावना है?

(ख) क्या गांव जटवाडा में ड्रेन नं.6 के कारण 50 एकड़ से अधिक क्षतिग्रस्त फसल का मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## नर्सिंग महाविद्यालय में कक्षाएं आरम्भ करना

*87 **श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( कोसली):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नर्सिंग महाविद्यालय, सादत नगर में नए सत्र से कक्षाएं आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बरसाती जल निकासी प्रणाली का कार्य पूरा करना

*88 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) जिला यमुनानगर में बरसाती जल निकासी प्रणाली का कार्य कब आरम्भ किया गया था तथा इसे कब तक पूरा किया जाना था तथा उक्त कार्य के अब तक पूरा न किए जाने के कारण क्या हैं; तथा

(ख) उक्त कार्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## सीवरेज की समस्या का समाधान करना

*89 **श्री भारत भूषण बतरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कच्चा बेरी सड़क पर सीवरेज प्रतिदिन अवरुद्ध रहता है; यदि हां, तो क्या उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयास किए जा रहे हैं तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की सम्भावना है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त ड्रेन की सड़क, जो पुराने बस अड्डे तथा सड़क पार सामुदायिक केन्द्र की तरफ जाती है, पर एक पार्क विकसित किया गया है; यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त पार्क को रैन बसेरा की जगह पर विकसित किया गया है; यदि हां, तो रैन बसेरा की जगह पर पार्क विकसित करने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## गुरुग्राम नहर की कंक्रीट लाइनिंग का कार्य आरम्भ करना

*90 **श्री प्रवीण डागर (हथीन):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या गुरुग्राम नहर की कंक्रीट लाइनिंग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थित्ति क्या है तथा गुरुग्राम नहर की कंक्रीट लाइनिंग का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की सम्भावना है ?

----

## विवाह पंजीकरण प्रक्रिया

*91 **श्रीमती रेणु बाला (साढौरा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में सरकार का विवाह के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की बजाय मैन्यूअल प्रक्रिया का कोई प्रावधान है?

----

## बिडोला माइनर का पुनर्निर्माण करना

*92 **श्रीमती किरण चौधरी ( तोशाम):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार वन एवं सिंचाई विभाग के बीच टकराव के कारण

बिडोला माइनर के पुनर्निर्माण के कार्य का निष्पादन करने में विफल रही है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि गांव पटौदी खुर्द, बादलवाला तथा बिडोला के लोगों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है; तथा

(ग) यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं तथा बिडोला माइनर के पुनर्निर्माण की ठोस योजना क्या है, जोकि पिछले 2 वर्षों से अब तक लम्बित पड़ी है ?

----

## उपरि पुल/अंडर पास का निर्माण करना

*93 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा)ः**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या गांव झट्टीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर एक उपरि पुल/अंडर पास के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त उपरि पुल/अंडर पास का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्वामित्व अधिकार प्रदान करने के लिए समिति द्वारा की गई कार्रवाई

*94 **श्री ईश्वर सिंह (गुहला)ः**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि अगस्त, 2023 सत्र के दौरान पूछे गए प्रश्न के उत्तर के अनुसार गुहला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के पट्टा धारकों तथा निवासियों को मालिकाना हक़ प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विकास एवं पंचायत मंत्री तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री की अध्यक्षता में एक संयुक्त समिति का गठन किया गया था; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त व्यक्तियों को मालिकाना हक़ देने के सम्बन्ध में इस समिति द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा उक्त मालिकाना हक़ कब तक दिए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़क, पार्क तथा सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य

*95 **श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) ग्रीन फील्ड के सड़क, पार्क तथा सामुदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) उक्त कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## एक्सप्रेसवे का निर्माण करना

*96 **राव दान सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) क्या मानेसर से महेन्द्रगढ़ वाया गुराबडा- कनीना तक एक्सप्रेसवे का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा कार्रवाई की जा रही है?

----

## बी.पी.एल कॉलोनियों को घरेलू आपूर्ति पावर सप्लाई लाइन से जोड़ना

*97 **डॉ. अभय सिंह यादव ( नांगल चौधरी):**

क्या उर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) 1 जनवरी, 2024 तक महेन्द्रगढ़ जिले में घरेलू आपूर्ति लाइन के साथ जुड़ने वाली बी.पी.एल कॉलोनियों की संख्या कितनी है;

(ख) महेन्द्रगढ़ जिले में घरेलू आपूर्ति पावर सप्लाई कनैक्शन के बिना बी.पी.एल कॉलोनियों की संख्या कितनी है;

(ग) नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में घरेलू आपूर्ति पावर सप्लाई के कनैक्शनों के बिना बी.पी एल कॉलोनियों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सभी बी.पी.एल कॉलोनियों को घरेलू आपूर्ति पावर सप्लाई लाइन के साथ जोड़ने के के लिए कोई समयबद्ध कार्यक्रम है; तथा

(ड) यदि हां, तो वह अनुमानित अवधि क्या है जिसके अंदर महेन्द्रगढ़ जिले में सभी बी.पी.एल कॉलोनियों को ऐसे घरेलू आपूर्ति के कनैक्शन दिए जाने कि संभावना है ?

----

## अदेयता प्रमाण- पत्र पोर्टल में कमी

***98 श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या सरकार के अदेयता प्रमाण -पत्र पोर्टल (एन.डी.सी.पोर्टल) में कोई कमियां हैं; तथा

(ख)यदि हां, तो अदेयता प्रमाण -पत्र पोर्टल (एन.डी.सी.पोर्टल) में सुधार करने/ कमियों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## एक अंतरराष्ट्रीय इनडोर स्टेडियम का निर्माण करना

***99 श्री राजेश नागर (तिगांव):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि ग्रेटर फरीदाबाद में एक अंतरराष्ट्रीय इनडोर स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## 10 एच.पी. कनैक्शनों को सुधारना

***100 श्री सोमबीर ( दादरी):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि टयूबवैलों के लिए 10 एच.पी के कनैक्शन पूरी तरह सफल नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो कनैक्शनों का लोड़ 10 एच. पी से बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 28 फ़रवरी, 2024.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**